जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-8 जयपुर, सोमवार, 21 फरवरी, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4


## राज्य सरकार एससी, एसटी एवं कमजोर तबकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री




**जयपुर (हमारा वतन)** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़े एवं समाज के कमजोर वर्गों के हित में पिछले तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। गहलोत योजना भवन में राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा एवं उपाध्यक्ष सचिन सर्वटे के कार्यग्रहण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग द्वारा दी गई सलाह से राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण की दिशा में और बेहतर निर्णय ले सकेगी। उन्होंने आगामी बजट में एससी वर्ग के कल्याण के सम्बन्ध में आयोग से सुझाव भी आमंत्रित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भी छुआछूत एवं भेदभाव की घटनाएं सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण है। दलितों पर अत्याचार एवं छुआछूत मानवता पर कलंक है। ऐसे में, हम सभी की जिम्मेदारी है कि शिक्षा को बढ़ावा दें और आमजन में इसके बारे में जागरूकता पैदा करें। गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रहनुमाई में हमें आजादी मिली। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश का संविधान बनाया, जिसमें सभी को साथ लेकर चलने की मूल भावना निहित है। संविधान की इसी भावना के आधार पर गरीब, पिछड़े एवं कमजोर लोगों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत देश में ऐसा माहौल बनाने की है जहां सभी धर्म, जाति एवं वर्गों के लोग मिलकर रहें।



## देवीलाल आई हॉस्पिटल हुआ आई एस ओ से प्रमाणित

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल (फेको सर्जरी सेंटर) को आंखों की सेवाओं की गुणवत्ता हेतु अंतरराष्ट्रीय मानक संस्था द्वारा आई. एस. ओ. 9001-2015 के अंतर्गत प्रमाणित किया गया।अस्पताल निदेशक विमल कुमावत ने बताया कि नेत्र रोगियों का उपचार उच्चतम मानकों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है तथा गुणवत्ता को मरीजों के हितों हेतु सर्वोपरि रखा जाता है । इसी के फलस्वरूप अस्पताल एवं नेत्र चिकित्सकों के प्रति क्षेत्र के नेत्र रोगियों का विश्वास और भी बढ़ रहा है। अस्पताल में अब राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आर. जी. एच. एस.) के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स का कैशलेस उपचार( ओ. पी. डी., आई. पी. डी. , दवाइयां) की सुविधा उपलब्ध है । अस्पताल निदेशक ने इस उपलब्धि हेतु जर्मनी की ड्यूच एक्रीडिटेशन बोर्ड (डी. ए. बी. ) का आभार व्यक्त किया तथा अस्पताल की पूरी टीम को इस उपलब्धि हेतु धन्यवाद दिया ।



## पित्र देव लालूजी महाराज के आठवें वार्षिक उत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

### बाल कलाकार प्रवीण भावरिया रहेंगे मुख्य आकर्षण

**जयपुर (हमारा वतन)** ढोढसर स्थित पित्र देव लालूजी महाराज के अष्टम वार्षिक उत्सव के पोस्टर का विमोचन मंदिर परिसर में सेवक श्री भगवान के कल कमरों से संपन्न हुआ ।साथ ही आरती संग्रह का भी विमोचन हुआ ।

व्यवस्थापक बाबूलाल जींजवाडिया ने बताया कि मंगलवार 22 तारीख को मंदिर परिसर में प्रातः 11 बजे से क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे ,जिसमे बाल कलाकार प्रवीण भावरिया अपनी जोरदार प्रस्तुती देंगे । लालूजी महाराज की मनोहारी झांकी सजाई जाएगी और मंदिर की विशेष सजावट की जाएगी । गौरतलब है कि हर साल फरवरी की 22 तारीख को पित्र देव लालूजी महाराज का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है, जिसमें ग्रामवासी बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं । इस दौरान सीताराम यादव, जितेंद्र सिंह शेखावत, श्रवण यादव, रामचंद्र जींजवाडिया, हनुमान बुनकर, सागरमल महला, सुशीला देवी, किशन लाल जाट, प्रभु दयाल जाट ,राधेश्याम यादव, हंसराज सैनी, प्रभु लाल रेगर, प्रह्लाद कुमार भावरिया, सुरेश कुमावत, सुभाष जांगिड़, साधु राम यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

## ब्राह्मण समाज के 101 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार




**जयपुर (हमारा वतन)** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के तत्वावधान में मोरीजा रोड स्थित कागलिया वाले हनुमान जी मंदिर चौमूं में ब्राह्मण समाज द्वारा चतुर्थ सामूहिक उपनयन (यज्ञोपवीत) जनेऊ संस्कार व 11 कुंडीय यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज, श्री श्री 108 नरसिंहपुरी महाराज, स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज के सानिध्य में मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रों से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । पंडित अरुण शर्मा के नेतृत्व में पंडित रामस्वरूप, पंडित छोटी लाल शर्मा, पंडित रेवती रमण प्रधान ने कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति जगन्नाथ शर्मा एवं अध्यक्षता ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने की । आगंतुक संतों व अतिथियों का जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर शोल व मां गायत्री की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला प्रभारी अशोक आचार्य ने किया। कार्यक्रम में 101 बटुको ने यज्ञोपवीत धारण की । इस दौरान अंबिका प्रकाश पाठक ने अपने संबोधन में यज्ञोपवीत संस्कार को समाज में नई दिशा देने वाला कार्यक्रम बताया तथा कार्यक्रम की भूरी - भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में आचार्य पंडित छोटी लाल शर्मा, आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा, एवं सह आचार्य पंडित रेवती रमण प्रधान के नेतृत्व में 51 विद्वानों ने शास्त्रीय विधि से संतो के द्वारा गायत्री मंत्र की दीक्षा देते हुए समाज के हजारों लोगों की मौजूदगी में 101 बटुको का यज्ञोपवीत संस्कार व 11 कुंडीय यज्ञ संपन्न करवाया। कार्यक्रम में पंडित कैप्टन श्रीराम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री पंडित राम स्वरुप शर्मा, आमेर तहसील अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, चौमूं तहसील संरक्षक राजू महाराज, आमेर युवा अध्यक्ष कृष्ण भारद्वाज, महासचिव बनवारी लाल शर्मा, चौमूं तहसील उपाध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, आशा शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, एडवोकेट अजय कुमार शर्मा, पंडित आशीष शर्मा, नारायण लाल शर्मा, सुनील शर्मा, पंडित चंद्रशेखर शर्मा पूर्व अध्यक्ष गौड़ विप्र समाज, कृपा शंकर शर्मा, नंदकिशोर गैसका आदि पदाधिकारियों ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट किया तत्पश्चात हजारों ब्राह्मणों ने पंगत प्रसादी का आनंद

## पंडित रविंद्र आचार्य ने की बड़ी भविष्यवाणी

### योगी ही बनेंगे सीएम

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रआचार्य ने यूपी चुनावों को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है ।



पंडित रविंद्रआचार्य ने बताया कि योगी आदित्यनाथ का जन्म 05 जून 1972 को अपरान्ह 12 बजे पंचूर, पौड़ी गढ़भाल, उत्तराखंड में हुआ था । योगी आदित्यनाथ की जन्मकुण्डली में सिंह लग्न, कुंभ के चन्द्रमा तथा पूर्व भाद्रपद नक्षत्र के द्वितीय चरण, लग्न स्वामी सूर्य तो राशि स्वामी शनि है। विधानसभा चुनाव के समय ग्रहों की दैनिक गोचर अत्यंत प्रतिकूल है । शनि की अन्तर्दशा 24 फरवरी 2023 तक चलेगी। यह अन्तर्दशा प्रतिकूल व विघ्नकारी है। दैनिक ग्रहों की स्थिति, गोचर के फलस्वरूप योगी आदित्यनाथ को परेशानियों का सामना पड़ सकता है पर 13 फरवरी 2022 को कुंभ राशि में सूर्य प्रवेश हो गया है । इसका फायदा भरपूर मिलेगा पर सीटे कम आएगी, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही होंगे । गौरतलब है की अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रआचार्य लगातार अपनी सटीक भविष्यवाणियों से लोगों को सफलता का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं ।


लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9785438901, 8949138008

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट



## रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के रक्त वीर दे रहे 24 घण्टे सेवा

**जयपुर (हमारा वतन)** रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन संयोजक मोहन लाल शेखावाला ने बताया कि फाउंडेशन के सहसंचालक सदस्य दिनेश हरिपुरा ने अवगत कराया कि कैंसर पेशेंट के परिजनों को ब्लड की वजह से परिशानी का सामना करना पड़ रहा है वो बहुत परेशान हैं। गरीब परिवार से हमें उनकी मदद करना चाहिए । उसके बाद टीम के सदस्य भगवान सहाय नारेड़ा लालसोट इंसानियत फर्ज निभाने के लिए लालसोट से दौसा सरकारी अस्पताल में पहुंचकर रक्तदान किया। इस दौरान दिनेश हरीपुरा, नन्दू हरिपुरा, हरिओम हरिपुरा विकास बड़वा आदि सदस्य रक्तदाता का आभार व्यक्त करने अस्पताल पहुंचे । टीम के अन्य सदस्य रविकांत शर्मा नेतावाला, दिनेश दीक्षित सामोर, दीपक ने रक्तदान कि इच्छा जताई । टीम के सभी सदस्य निस्वार्थ भाव से 24 घण्टे लोगों की मदद कर रहे है। परिजनों ने सभी रक्तवीरो का आभार व्यक्त किया।

# वृक्षमित्र ने मतदाता बूथ पर पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**देहरादून (हमारा वतन)** इस प्रकृति प्रेमी को भी एक अलग किस्म का शौक है जो हर समय पर्यावरण को सँवारने में लगा रहता है । जी हाँ हम बात कर रहे हैं पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी की, जो राइका मरोडा में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं जिनकी ड्यूटी विधानसभा सामान्य निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी के दायित्वों के निर्वाहन करने के लिए नरेंद्रनगर विधानसभा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डौर में लगी थी । जैसा कि उनकी आदत है जहां भी जाते हैं अपने साथ पौधों को अवश्य ले जाते है यहां भी उन्होंने वही किया जो वे विगत 22 सालों से करते आ रहे हैं । अपने साथ बोटलब्रस के पौधों को ले गए थे । मतदान के पश्चयात वापसी के समय अपने पोलिंग पार्टी के साथ उन पौधों का रोपण किया और बी एल ओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को उपहार में पौधा भेंट भी किया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा मैं 2006 से टिहरी जनपद में कार्यरत हूं और सभी चुनावों में मेरी ड्यूटी लगती हैं । मैं जिस बूथ पर भी जाता हूं वहां एक पौधा लगाकर आता हूं । यही काम मैने यहां भी किया अपने मतदानकर्मियों के साथ पौधारोपण किया। मेरा यही संदेश है कि जब पर्यावरण है तब हम भी हैं । हमारे जीवन की असली हिफाजत पर्यावरण संतुलन से होगी । ये काम हमको अपने घर से शुरू करना होगा तभी पर्यावरण का संरक्षण होगा। हमें अपने मित्रता के रूप में दोस्त व मित्र बनाकर एक पौधा मेरा पेड़-मेरा दोस्त, मेरा वृक्ष-मेरा मित्र के रूप में अपनी पीढ़ी के लिए अवश्य लगाना होगा। पौधारोपण में प्रथम मतदान अधिकारी नरेश चंद शाह, द्वितीय मतदान अधिकारी रामसिंह कुटि, तृतीय मतदान अधिकारी जमाल सिंह बागड़ी, होमगार्ड मंगल सिंह भंडारी, पुलिसकर्मी राहुल सजवाण, बूथ लेवल अधिकारी सुनीता देवी, आंगनवाड़ी विमला देवी आदि लोग मौजूद रहे।



## शांति मोहन फाउंडेशन ने किया जरूरतमंदों को भोजन वितरण

**जयपुर (हमारा वतन)** समाज सेवा को पूर्ण रूप से समर्पित शांति मोहन फाउंडेशन ने एस एम एस हॉस्पिटल में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया। फाउंडेशन की फाउंडर मंजीत अरोड़ा ने बताया कि मेरे माता पिता मोहन अरोड़ा और शांति अरोड़ा की स्मृति में भोजन वितरण का कार्यक्रम रखा गया । जरूरतमंदों को भोजन वितरण कर आत्मा को बड़ी शांति मिलती है। हम सभी को ऐसे कार्य करते रहना चाहिए । भोजन वितरण के दौरान सरोज अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, निशा पारीक, नीलम गुप्ता, प्रणव, उषा ,संगीता आदि लोग भी मौजूद रहे ।



## पूर्व पार्षद हनुमान गौरा युवाओं की कर रहे मदद

**चौमूं (हमारा वतन)** ग्राम गोविंदगढ़ स्थित रामगोपाल कानूनगो स्टेडियम में भूमि को समतल कर खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के लिए दौड़ के लिए भामाशाह चौमू नगरपालिका के पूर्व पार्षद हनुमान गौरा ने 400 मीटर दौड़ का ट्रेक को ठीक करवाया । युवाओं की मांग पर भामाशाह ने तुरंत जेसीबी लगाकर दौड़ का ट्रैक ठीक करवाया । रामगोपाल कानूनगो स्टेडियम में दौड़ की तैयारी करने वाले युवाओं ने बताया कि दौड़ का ट्रेक उबड़-खाबड़ हो गया था । समस्या से गोविंदगढ़ के युवानेता महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने नगर पालिका चौमू पूर्व पार्षद हनुमान गौरा को इस समस्या अवगत करवाया । इस मांग पर गौरा ने मौके पर ही जेसीबी लगाकर 400 मीटर ट्रैक को सही करवाया । रामगोपाल कानूनगो स्टेडियम में दौड़ की तैयारी करने वाले युवाओं ने बताया कि दौड़ का ट्रैक उबड़-खाबड़ हो गया था । समस्या से गोविंदगढ़ के युवानेता महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने नगर पालिका चौमू पूर्व पार्षद हनुमान गौरा को इस समस्या अवगत करवाया । इस मांग पर गौरा ने मौके पर ही जेसीबी लगाकर 400 मीटर ट्रैक को सही करवाया ।



# सहारा इंडिया कार्यकर्ताओं ने सहारा सेबी विवाद को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)** सहारा इंडिया परिवार के कार्यकर्ताओं ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामलाल शर्मा को सहारा सेबी- विवाद को लेकर ज्ञापन सौंपा । कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि हम कार्यकर्ताओं द्वारा विगत 44 वर्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में छोटे -छोटे दुकानदारों रेहडी वालों, खोमचे वालों एवं निम्न मध्यमवर्गीय लोगों के घर - घर जाकर उनसे निवेशित कराते हुए उनके अंदर संचय की भावना उत्पन्न कराई है। देश में आज हमारे प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं, परंतु हम सभी अभिकर्तागण द्वारा अपनी संस्था के माध्यम से विगत 4 दशक से अधिक समय से लोगों को धन संचय कराते हुए उन्हें अच्छा लाभ प्रदान करते आ रहे हैं । कई लोगों के द्वारा हमारे संस्था से प्राप्त ब्याज के माध्यम से अपने व्यवसाय को बढ़ाया है तथा कई लोगों ने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाई गई तथा घर मकान इत्यादि बनाए हैं । एक और जहां हमारे सम्मानित निवेशकों ने ब्याज के माध्यम से लाखों करोड़ों कमाए हैं, वही हम जैसे लाखों बेरोजगार युवाओं को घर पर रहते हुए आय प्राप्त करते हुए सुंदर जीवन व्यतीत करने का अवसर प्राप्त हुआ है । वही विगत 8 वर्ष पूर्व सहारा - सेबी विवाद की वजह से हमारे जीवन में उथल-पुथल मच गई है। हम सभी अभिकर्ता एवं हमारे परिवारजन भुखमरी के कगार पर आ गए है। दूसरी तरफ हमारे सम्मानित निवेशकों के भुगतान में विलंब कि स्थिति आने लगी है। सेबी के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता की वजह से हमारी संस्था का मय ब्याज पर 24000 करोड रूपए सेबी के पास फंसा हुआ है, जिसे सेबी द्वारा अपनी रिपोर्ट में स्वीकार भी किया गया है । जिसकी वजह से हम अपने सम्मानित निवेशकों को समय पर भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। नतीजतन हमें नया व्यवसाय नहीं मिल पा रहा है और हमारी आय भी खत्म हो गई है। इन्हीं कारणों से हमने अपने निवेशकों के साथ मिलकर सेबी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और उनके कार्यालय में जाकर ज्ञापन भी सौंपा। इन्हीं घटनाओं को संकलित कर सहारा इंडिया वर्कर्स वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा हमारे क्षेत्र के जिम्मेदार विधायक होने के नाते हमारी आप से गुजारिश है कि आप इस प्रपत्र को गहनता से पढ़े और संज्ञान लेते हुए हमारी बातों को केंद्र सरकार तक पहुंचाते हुए हमें और हमारी संस्था को न्याय दिलाते हुए सेबी के कुछ अधिकारियों की हठधर्मीता से मय ब्याज फंसे हुए रू 24000 करोड को वापस दिलाने का अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें ।



### मुख्यमंत्री का संवेदनशील निर्णय

## तीरंदाज लिम्बाराम को उपचार के लिए 10 लाख की आर्थिक सहायता

**जयपुर (हमारा वतन)** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवेदनशील निर्णय करते हुए प्रदेश के जाने-माने तीरंदाज श्री लिम्बाराम को उपचार के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से दस लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मूल रूप से उदयपुर की झाडौल तहसील के सरादीत गांव निवासी लिम्बाराम पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। ब्रेनस्ट्रोक के कारण वर्तमान में गाजियाबाद के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में जानकारी मिलते ही गहलोत ने मुख्यमंत्री सहायता कोष नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए 10 लाख रूपए की तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत की और दिल्ली में प्रमुख आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह को उनकी हरसंभव सहायता करने के निर्देश दिए। गहलोत के निर्देश पर प्रमुख आवासीय आयुक्त ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्पोर्ट्स हॉस्टल स्थित लिम्बाराम के आवास पर पहुंचकर उन्हें सहायता राशि का चैक सौंपा तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेश का नाम रोशन करने वाले पदमश्री तथा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित इस ओलम्पियन तीरंदाज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



## जयपुर जिले की 16 ग्राम पंचायतें हुई शतप्रतिशत वैक्सीनेटेड

**जयपुर(नि.सं.)।** जयपुर जिला 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन के लक्ष्य की और अग्रसर है जिसके अन्तर्गत गुरूवार को जयपुर जिले की जमवारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत राहोरी, नांगल तुलसीदास एवं शाहपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुरलीपुरा ने 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगवाने की उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व जिले की तेरह ग्राम पंचायतों ने भी 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगवाने की उपलब्धि हासिल की थी। जिला कलक्टर श्री राजन विशाल ने इस अवसर पर इन सभी तीन ग्राम पंचायतों के सरपंचगण को भी अर्द्धशासकीय पत्र भेजकर बधाई दी है और साथ ही ग्रामवासियों को भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को हासिल करने पर शुभकामनाएं दी।

## सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात कार्यकारिणी का हुआ गठन

**जयपुर (हमारा वतन)** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के निर्देशानुसार जयपुर देहात कार्यकारिणी का गठन किया है ।

कार्यकारिणी में सुभाष तिवारी-सिरसली ,सोहनलाल पारीक ,डोलाकाबास, ओम प्रकाश शर्मा- बिलवा, मुकेश कुमार शर्मा- दूदू ,कैलाश चंद सीमावत-नांगललाडी ,अशोक कुमार शर्मा जमारामगढ़, रामगोपाल शर्मा, खोरा बिसल, रामसहाय शर्मा फागी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मास्टर श्याम शर्मा को चोमू तहसील अध्यक्ष ,राजीव तिवारी को जमवारामगढ़ तहसील अध्यक्ष ,नरसी लाल शर्मा को दूदू तहसील अध्यक्ष, महेश कुमार शर्मा को सांगानेर देहात तहसील अध्यक्ष ,श्रीमती आशा शर्मा को सांगानेर देहात महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है । जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही 5 चरणों में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा ।



## जॉब्स

1. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पद आरबीआई असिस्टेंट, पद संख्या 950, अंतिम तिथि तिथि 8 मार्च 2022
2. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 1531, अंतिम तिथि 20 मार्च 2022
3. राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पद टेक्निकल हेल्पर थर्ड, पद संख्या 1512, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
4. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड ( आरएसएमएसएसबी), पद कंप्यूटर अनुदेशक, पद संख्या 10157, अंतिम तिथि 9 मार्च 2022
5. .स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) सीएचएसएल 2021, पद एलडीसी, जेएसए, डीईओ, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 7 मार्च 2022
6. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
7. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद कॉन्स्टेबल/ फायर, पद संख्या 1149,अंतिम तिथि 4 मार्च 2022
8. ईस्ट कोस्ट रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 756, अंतिम तिथि 7 मार्च 2022

## कांग्रेस सरकार को प्रतिबंधित संगठन पीएफआई की रैली की अनुमति नहीं देनी चाहिए - पूनिया

**जयपुर(नि.सं.)।** राजस्थान के कोटा में पीएफआई की रैली को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि, पीएफआई की नीयत गणतंत्र में अस्थिरता और अराजकता फैलाने की रही है। पीएफआई वही संस्था है जिसको ब्लैकलिस्ट किया हुआ है, यह वही संस्था है जिसके बारे में देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारनामों की बातें चलती हैं। पीएफआई की नीति और नीयत के बारे में साफ तौर पर पता है, जो एक तरीके की कम्युनल गतिविधियों के आधार पर काम करता है, इस देश में हिजाब के अलावा भी बहुत सारी चीजें चर्चा करने लायक हैं। यह देश लोकतंत्र और संविधान के हिसाब से चलेगा, और जो संविधान का सम्मान करेगा, वही देश की नीयत के हिसाब से चल सकता है, देश का हित कर सकता है।

# मोना होम डिलीवरी से कविता भाभी तक, गलती से परिवार के साथ मत देखिएगा ये वेब सीरीज

**फ से फैंटेसी:** वूट की वेब सीरीज फ से फैंटेसी में बोल्ड सीरीज की भरमार है। कई अलग अलग लोकेशन्स पर इस सीरीज में आपको कपल अपनी फैंटसी पूरी करते दिखेंगे। 10 एपिसोड की सीरीज में करण वाही, प्लाबिता बोरठाकुर, नवीन कस्तुरिया, अंशुमन मल्होत्रा, गौरव पांडे और अनुप्रिया गोयनका कई सितारे हैं।

**वर्जिन भास्कर:** जी5 की वेब सीरीज वर्जिन भास्कर एक राइटर की कहानी है, जो एज्रॉटिक कहानियां लिखता है। वर्जिन भास्कर में लीड कैरेक्टर के उसकी गर्लफ्रेंड के बेहद इरॉटिक सीन आप परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। ये सीरीज जी5 के साथ ही ऑल्ट बालाजी पर भी मौजूद है। इस सीरीज के दो पार्ट है।



**लॉलिता पीजी हाउस:** कूकू एप की वेब सीरीज लॉलिता पीजी हाउस ने बोल्डनेस की वजह से खूब बवाल किया। इस सीरीज में आभा पॉल ने मुख्य किरदार निभाया था। एक ओर जहां कई लोगों ने इस सीरीज को पसंद किया तो वहीं दूसरी ओर इसे लेकर विवाद भी हुआ।

**आप की सपना भाभी:** सपना सप्पू स्टारर वेब सीरीज सपना भाभी में मुख्य किरदार निभाया है। सपना भाभी, सीरीज को न्यूफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। बेहद बोल्ड और इंटीमेट सीन्स की वजह से ये सीरीज चर्चा में रही।

**कविता भाभी:** उल्लू एप ने कई ऐसे सीरीज रिलीज की हैं, जिन में बेहद बोल्ड कंटेंट देखने को मिला। ऐसी ही एक वेब सीरीज कविता भाभी है। कविता भाभी में कविता राधेश्याम लीड रोल में नजर आई हैं। ये सीरीज एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपने पति के अलावा अन्य लोगों के साथ भी संबंध बनाने में हिचकती नहीं है।

**मोना होम डिलीवरी:** इस लिस्ट में वेब सीरीज में मोना होम डिलीवरी भी शामिल है। कंगना शर्मा स्टारर ये सीरीज उल्लू एप पर देख सकते हैं। इस सीरीज में बोल्ड सीन्स की भरमार थी।

# मौसम बदल रहा है,अब आपको भी बदल लेना चाहिए अपना पर्सनल हाइजीन रुटीन

महामारी और लंबे लॉकडाउन के बाद अब आप बाहर निकल रहीं हैं और लंबे घंटों तक धूल, धूप और पसीने का सामना कर रहीं हैं। अब आपको अपनी पर्सनल हाइजीन की तरफ ज्यादा ध्यान देना होगा।अब जब मौसम बदल रहा है और हम सब बाहर निकलने लगे हैं, तब हमें भी अपने डेली हाइजीन रुटीन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी हमने अपनी हाइजीन पर खास ध्यान दिया है। पर मौसम के साथ अब उसमें और ज्यादा बदलाव करने की जरूरत है। यहां जानिए आपके डेली हाइजीन रुटीन के लिए जरूरी कुछ खास टिप्स।



**क्यों जरूरी है एक्स्ट्रा हाइजीन**-नियमित देखभाल न किए जाने पर हम जल्दी बीमार पड़ सकते हैं। त्वचा कई बाहरी कारकों से प्रभावित होती है, जैसे गंदगी, रासायनिक प्रदूषक, बैक्टीरिया और वायरस। नियमित धुलाई, स्नान और सफाई से हम इनसे बच सकते हैं और खुद को संक्रमण व बचा सकते हैं इससे जहरीले तत्व हमारी त्वचा में इकट्ठा नहीं हो पाते। गंदगी और प्रदूषक से त्वचा के छिद्र बंद हो जाते हैं और अपशिष्ट बाहर नहीं निकल पाते। हम जानते हैं कि पसीना आने पर अपशिष्ट पदार्थ हमारी त्वचा से बाहर निकलते हैं। यही पसीना त्वचा पर जम जाता है। इसलिए रोजाना ये पसीना हटाना चाहिए।

**नहाने के साथ इन बातों का भी रखें ध्यान** -रोजाना नहाना और सफाई करना ज़रूरी है। शरीर के सभी अंगों को अच्छी तरह से धोना चाहिए, खासकर गर्दन, बगल और पैरों को। इन सभी जगहों पर रोगाणु जल्दी जमा होते हैं। साबुन के अलावा, साफ खुरदुरा वॉशक्लॉथ, स्पंज, पीठ के लिए लंबे हैंडल वाला ब्रश, झांवा, नाखून साफ करने के लिए ब्रश, एरोमेटिक ऑयल, कोलोन, टैल्कम पाउडर आदि का इस्तेमाल करें।अगर आपकी त्वचा रूखी है, तो नहाने से पहले क्रीम या तेल लगाएं। त्वचा पर साबुन लगाने के लिए स्पंज का इस्तेमाल बेहतर होता है, जबकि वॉशक्लॉथ शरीर को साफ़ करने में मदद करता है। यह न केवल गंदगी और प्रदूषकों को हटाता है, बल्कि मृत कोशिकाओं को साफ करने और सर्कुलेशन को बनाए रखता है। कोहनी और एड़ी साफ करने के लिए झांवे का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**यहां हैं कुछ हेल्दी बाथ रिजीम** -पुराने समय में, शरीर को साफ करने, स्वच्छ बनाए रखने और त्वचा को सुंदर बनाने के लिए नहाने से पहले कई तरीके अपनाए जाते थे। जैसे- बेसन, गेहूं की भूसी और हल्दी को दूध की मलाई में मिलाकर त्वचा पर लगाया जाता था। इससे त्वचा साफ और मुलायम रहती है।नहाने के पानी में गुलाब की पंखुड़ियां, चमेली का तेल, गुलाब, चंदन आदि मिलाए जाते थे। शरीर को धोने के लिए घर में बने इन्फ्यूज़न का भी इस्तेमाल किया जाता था।आज भी, नीम के पत्तों को गर्म पानी में भिगोकर रात भर रखकर अर्क बनाया जाता है। सुबह इस पानी का इस्तेमाल नहाने के लिए करें। इससे न केवल संक्रमण को रोका जा सकता है, बल्कि रैशेज और गर्मी से भी राहत मिलती है। इसी तरह मेथी के बीजों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।



# आपकी रीढ़ की हड्डी में परेशानी आपके मानसिक स्वास्थ्य पर डाल सकती है प्रभाव

कमजोर स्वास्थ्य सबसे ज्यादा मेंटल हेल्थ को प्रभावित करता है। खासतौर से जब आपकी रीढ़ की हड्डी में परेशानी हो तो यह अवसाद का भी कारण बन सकता है।मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनके बारे में शायद आपने सुना भी हो। लेकिन क्या आप यह बात जानती हैं कि आप की रीढ़ की हड्डी में परेशानी या कोई पुराना पीठ दर्द आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है? हाल ही में की गई एक रिसर्च में इस बात का दावा किया गया है, कि जिन वयस्कों की रीढ़ की हड्डी में चोट है उनमें अवसाद, चिंता जैसी मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य स्थितियों के विकास का जोखिम 80% तक है।

**जानिए क्या कहता है यह अध्ययन**-यह अध्ययन मिशिगन मेडिसिन के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा किया गया जिसको स्पाइनल कॉर्ड पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन कर रहे शोधकर्ताओं की टीम ने रीढ़ की हड्डी की चोट वाले 9000 से अधिक वयस्कों और बिना रीढ़ की हड्डी के चोट वाले 1 मिलियन से अधिक वयस्कों के निजी बीमा दावों का विश्लेषण किया।

# उर्फी जावेद को मिल गया बॉयफ्रेंड? तस्वीरों ने मचाई सोशल मीडिया पर खलबली

बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद अक्सर अपने अतरंगी ड्रेस के चलते सुर्खियों में छाई रहती हैं। हर बार अपने स्टाइल के चलते उर्फी जावेद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच ही लेती हैं। तमाम लोगों को भले ही उनका स्टाइल ना पसंद आता हो लेकिन फिर भी वह उनके बारे में बात जरूर करते हैं। कपड़ों के साथ अजीबोगरीब एक्सपेरिमेंट करके उर्फी जावेद खबरों में लगातार बनी रहती हैं और अब फिर से सोशल मीडिया पर उनकी चर्चा होने लगी है। इस बार उर्फी अपने स्टाइल नहीं बल्कि अपनी लव लाइफ के चलते खबरों में हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनके रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर बात कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कि आखिर पूरा माजरा क्या है?



**वायरल हो रही है उर्फी की तस्वीरें**-दरअसल सोशल मीडिया पर इंडो-कैनेडियन सिंगर कुंवर के साथ उर्फी जावेद की तस्वीरें और वीडियो लगातार वायरल हो रहे हैं। जिस अंदाज में उर्फी ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अपने दिल की बात लिखी है उसे देखकर अब लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि क्या उर्फी जावेद की जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री हो चुकी है? कुंवर की एक तस्वीर को शेयर करते हुए उर्फी जावेद ने लिखा है, मुझे पता है तुम मुझे प्यार करते हो..। बस फिर क्या लोग उर्फी जावेद की लव लाइफ की चर्चा में जुट गए।




# रिषभ पंत ने तोड़ा एमएस धोनी का रिकॉर्ड, इस मामले में बने इंडिया के नंबर वन विकेटकीपर

नई दिल्ली। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अपना गुरू मानते हैं। धोनी के साथ उनको इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का मौका भी मिला है। हालांकि, अब एमएस धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलते हैं, लेकिन उनका शिष्य रिषभ पंत इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार खेल रहा है और इसी बीच रिषभ पंत ने धोनी का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दरअसल, रिषभ पंत टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा अर्धशतक जड़ने वाले विकेटकीपर बन गए हैं। ऐसा भी नहीं है कि उनके अर्धशतकों की संख्या टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बहुत ज्यादा है, बल्कि वे अभी तक सिर्फ तीन ही बार टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 50 से ज्यादा रन की पारी खेल सके हैं। इनमें से एक अर्धशतक उनका वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के मैदान पर आया। वेस्टइंडीज के खिलाफ रिषभ पंत ने तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के दूसरे मैच में 27 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से अपना तीसरा अर्धशतक इस प्रारूप में पूरा किया और उन्होंने एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 98 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले एमएस धोनी ने देश के लिए सिर्फ 2 ही अर्धशतक इस प्रारूप में जड़े थे, लेकिन पंत ने उनसे आधे से भी कम मैचों यानी 43 मैचों में तीन अर्धशतक जड़ दिए हैं।

# भुवनेश्वर कुमार ने छोड़ा कैच तो रोहित शर्मा ने गेंद को लात मारकर जाहिर किया गुस्सा, वीडियो वायरल

नई दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में 18 फरवरी को खेला गया। इस मैच को टीम इंडिया ने 8 रनों से जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। दूसरे टी20 के दौरान कप्तान रोहित शर्मा का एक बार फिर गुस्सैल अंदाज दर्शकों को देखने को मिला। यह घटना तब घटी जब 16वें ओवर के दौरान तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपनी ही गेंदबाजी के दौरान आतिशी बल्लेबाजी कर रहे रोवमैन पॉवेल का कैच छोड़ा।

# व्हाइट को-ऑर्ड सेट में हुमा कुरैशी ने गिराई फैन्स के दिलों पर बिजलियां

हुमा कुरैशी सोशल मीडिया पर अक्सर अपने लुक से फैन्स को दीवाना बनाती नजर आती हैं। हाल ही में हुमा कुरैशी ने व्हाइट ट्यूब टॉप को व्हाइट हाफ स्लीव शर्ट में कैमरे के लिए जमकर पोज़ दिए, इस दौरान हुमा ने व्हाइट जॉगर्स पहने थे। हुमा कुरैशी ने व्हाइट को-ऑर्ड सेट में अपनी तस्वीरों से फैन्स के दिलों की धड़कनें बढ़ा दीं। हुमा ने फैशन डिजाइनर कनिका गोयल के लिए म्यूज़ की भूमिका निभाई और अपनी वॉर्डरोब से इस आउटफिट को चुना।एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने व्हाइट ट्यूब टॉप को व्हाइट हाफ स्लीव शर्ट के साथ पेयर किया और इसे हाई-वेस्ट व्हाइट जॉगर्स के साथ कैरी किया। पर्ल और गोल्ड चोकर और व्हाइट स्टिलेटोज़ में हुमा ने अपने लुक को परफेक्शन तक पहुंचाया। (फैशन स्टाइलिस्ट मोहित राय द्वारा स्टाइल की गई हुमा ने अपने बालों को एक बन में बांधा और मरून आईशैडो, ब्लैक आईलाइनर, मस्कारा से लदी पलकें, कंटूरेड गाल और न्यूड लिपस्टिक के शेड से अपने लुक को कम्प्लीट किया।



# रोहित शर्मा बने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के कप्तान

**नई दिल्ली (हमारा वतन)** भारतीय टीम को टेस्ट टीम में नया कप्तान मिल गया है। अब तीनों फॉर्मेट की कमान रोहित शर्मा के हाथ में होगी। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। साथ ही श्रीलंका के खिलाफ खेली जाने वाली 3 मैचों की टी-20 और टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। टी-20 सीरीज के लिए विराट कोहली और ऋषभ पंत को आराम दिया गया है। विराट को वनडे टीम की कप्तानी से हटाने के बाद BCCI ने हिटमैन को 50 ओवर टीम की कमान भी सौंप दी थी, लेकिन साउथ अफ्रीका दौरे से पहले फिटनेस संबंधी कारणों से वह दौरे पर नहीं जा सके और उनकी जगह वनडे टीम की कप्तानी केएल राहुल ने की, जहां भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेतन शर्मा ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जहां रोहित पहली बार टेस्ट टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। 2013 में भारत के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने वाले रोहित टीम इंडिया के 35वें टेस्ट कैप्टन होंगे।




# IPL में नहीं बिकने से एडम जंपा हैं दुखी, पिछले सीजन विराट कोहली की RCB का हिस्सा थे



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने माना है कि आईपीएल की मेगा नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी द्वारा उन्हें नहीं चुने जाने पर वह निराश थे। 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2022 मेगा नीलामी में 204 खिलाड़ियों पर बोली लगी। वहीं 10 फ्रेंचाइजी ने अपनी टीम बनाने के लिए लगभग 552 करोड़ रुपये खर्च किए। इस नीलामी में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन सबसे महंगे बिके। उन्हे मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर अपनी टीम में शामिल किया। जम्पा ने अनप्लेबल पॉडकास्ट को बताया, मैं दुर्भाग्य से आईपीएल नीलामी में जगह नहीं बना पाया। मैं ईमानदारी से कहूं तो थोड़ा अच्छा नहीं लगा। मैंने सोचा था कि अगर कभी एक साल होगा कि मुझे वहां फिर से मौका मिलता, तो यह इस साल होता। मैं सबसे अच्छा क्रिकेट खेलना चाहता हूं। आईपीएल 2021 के पहले हाफ में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का हिस्सा रहे जम्पा और केन रिचर्डसन ने भारत में बढ़ते कोविड मामलों के कारण IPL को बीच में छोड़ने का फैसला किया था।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक


क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## जीवन का रहस्यवाद और सोशल मीडिया

आपने ख्वाब , दर्द और जिंदगी पर ढेरों कविताएं पढ़ी होंगी। हमारी रचनाओं में भी इन तीन विषयों पर आपको काफी पढ़ने को मिलता है। चलिए बात को सीधे मूल मुद्दे पर पहुंचा देता हूँ । क्योंकि आज जो कहने के बारे में सोच रहा हूँ उसका सीधा और सरल होंना बहुत जरूरी है। गौर से देखेंगे तो आप पाएंगे सपनो का बाजार। इसे और विस्तार दे दीजिए , ख्वाहिशों का बाजार , तमन्ना का बाजार ।जरा सोच कर देखिए बड़ी हसरत और तबियत से आप घर बनाते हैं और बस , कुछ साल के भीतर उसमें रेनोवेशन शुरू होता है। कभी कलर बदलता है , कभी ड्राइंग रूम की सेटिंग , कभी पर्दे अच्छे नहीं लगते तो कभी किचेन में बदलाव चाहिए। न जाने क्या क्या छोटे से बड़े बदलाव आते रहते हैं ।ये ख्वाहिशें , ये तमन्नाये , ये हसरत , ये ख्वाब इंसान को पागल कर देते हैं । तमन्नाओं के खत्म हो जाने की तमन्ना भी एक तमन्ना है । जैसे निर्वाण और मोक्ष की चाह । बड़ा ही अजीब घटनाक्रम है , कुछ न मांगने की हसरत भी एक हसरत है , जो कुछ न मांगने की हसरत पर टिकी हुई है और कुछ न मांगने को मांग रही है।निर्वाण या मोक्ष का अर्थ मुक्त हो जाना है, यहां तक कि इच्छा और कामना से , जबकि यह कामना भी स्वयं में एक कामना है सो इससे मुक्ति कहां है । इसीलिए कहते हैं इंसान तो मर जाता है उसकी इच्छाएं कभी नहीं मरती। क्या हैं यह इच्छाये जो कभी नहीं मरतीं। बस यही ख्वाब हैं , जिंदगी में अमरता का ख्वाब । इंसान इस भरम को तो तोड़ देता है कि वह हजारों लाखों साल शरीर से जीवित रहेगा। कारण यह कि उसने किसी इंसान का ऐसा जीवन नहीं देखा जो इतना लंबा रहा हो । लेकिन वह अपने भीतर छुपे अमरता के भ्रम को नहीं तोड़ पता। उसके भीतर , जो कभी न मरने की चाह है वह ख्वाबों और हसरतों का सब से बड़ा बाजार है। इंसान ने यह देखा है कि , इंसान शरीर से मर कर भी अपने वर्चुअल अस्तित्व में जिंदा रह सकता है। चाहे किसी स्मारक के माध्यम से हो या अपने काम के द्वारा , कुछ खास और अद्वितीय कर के । जैसे गीत,संगीत कला आदि आदि के माध्यम से , किताबों के माध्यम से । क्या अर्थ है इसका , मात्र इतना कि उसके जाने के बाद भी उसका अस्तित्व बचा रहे, लोग उसे याद करते रहें । अब मैं कहूं इस से बड़ी बेवकूफी नहीं है कि हमारा खुद का पता नहीं और उम्मीद यह कि हमारे बाद लोग हमें याद करते रहें ।


राम गोपाल सैनी

# हम क्या करते हैं ठेंगा...?



कभी कभी मन मे विचार आता है कि ईश्वर जब आसमान से देखते होंगे तो क्या पर्वत ,नदियों,झरनों,मैदानों,पेड़ पौधों,जानवरों, मनुष्यों को तो उन्हें लगता होगा सब उनकी सन्तान है ! औरो ने तो नही, सिर्फ मनुष्यों ने आपस मे इतनी असमानता कैसे पैदा कर ली ? पशुओं में कोई ऊंच नीच नही होती,अमीर ग़रीब भी नही होता,यही हाल नदियों,पर्वतों,झरनों और मैदानों का भी है । ऊपर से जब ईश्वर अपनी सभी सन्तानों को देखता होगा तो शायद दुःखी भी होता हो ।

सामान्य माता पिता भी अपनी संतानों में भेदभाव नहीं करता । सब को एक समान समझता है, जबकि यह सामान्य पिता इस हाड़ मांस का ही जनक है । उसके भीतर की ऊर्जा तो परमपिता या मेरी समझ में प्रकृति की ही देन है । चूंकि मेरी समझ अभी तक प्रकृति के ऊपर तक नही पहुँची है । तब तक मैं प्रकृति को ही सब कुछ मानता हूं । जैसे तमाम डिग्रियां सन्सार में हैं ।

पर मैं उसी डिग्री की बात कर सकता हूं, जिसका की मैंने अध्ययन किया हो । इसका मतलब यह नहीं की और डिग्रियां नही हैं । हैं पर मेरी नही । इसी तरह ईस्वर के सम्बंध में अभी तक, मैं प्रकृति के ऊपर सोचने, जानने की स्थिति में स्वयं को नही पाता । ब्राह्मण्ड में जो कुछ है, सब प्रकृति की ही देन है ।

सभी उसकी सन्तान हैं, पेड़ पौधों से लेकर जानवर,इंसान ,नदी -पर्वत सब । इंसान जिसे तरक्की समझता है,जिस कारण वह पशुओं से अलग है । इसमें भी मुझे नही लगता उसकी कोई करामात है । बल्कि सच तो यह है कि,जो करामातें वह करकर इतराता है,वह भी उसे प्रकृति ने ही दिया है । यह सोचने के बाद लगता है कि फिर तो कोई कुछ कर ही नहीं रहा । सब कंडीशनल है, जिसे हम अपना साइंस मानते हैं वह भी प्रकृति का स्वयं का विकास है,परिवर्तन है । चूंकि मनुष्य को हो विकसित मस्तिष्क प्रकृति ने दिया है, तो जो विकास इंसान कर रहा है वह उस मस्तिष्क का कमाल है । चूंकि समयांतर के साथ - साथ प्रकृति स्वयं विकसित हो रही है तो हम क्या करते हैं ठेंगा...?



लेखक - डॉ रमाकांत क्षितिज
संकलन - विनोद कुमार दुबे

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद और निम्स हॉस्पिटल के बीच हुआ एमओयू

**जयपुर (हमारा वतन)** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, भारत सरकार और निम्स हॉस्पिटल जयपुर के बीच नेशनल हाईवेज स्थित टोल प्लाजाओं पर चिकित्सा शिविर एवं सामान्य जांच शिविर आयोजित करने को लेकर एक एमओयू हुआ। इस एमओयू पर राष्टीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य डॉ.निर्मल जैन व डॉ. पंकज सिंह, डायरेक्टर निम्स हॉस्पिटल ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत राष्टीय सड़क सुरक्षा परिषद और निम्स हॉस्पिटल की ओर से वाहन चालकों व टोलकर्मियों के लिए टोल प्लाजाओं पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सामान्य जांच शिविर आयोजित कर उन्हे परामर्श और उपचार देकर उन्हे लाभांवित किया जाएगा। डॉ. पंकज सिंह, डारेक्टर, निम्स हॉस्पिटल जयपुर ने बताया कि निम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. बलवीर सिंह




तोमर के हर आमजन को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर निम्स हॉस्पिटल ने राष्टीय सड़क सुरक्षा परिषद के साथ एक एमओयू साइन किया है। इस एमओयू का उद्देश्य राष्टीय राजमार्गो पर स्थित टोल प्लाजाओं पर आने वाले वाहन चालकों खासतौर पर ट्रक ड्राइवरों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और उनकी सामान्य जांचे करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे वाहन चालकों को समय पर परामर्श और उपचार मिल सके। डॉ.निर्मल जैन, सदस्य, राष्टीय सड़क सुरक्षा परिषद ने बताया कि परिषद व निम्स हॉस्पिटल के सहयोग राष्टीय राजमार्गो पर चिकित्सा एवं सामान्य जांच शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। अक्सर ट्रक व बस ड्राइवर एवं परिचालक लंबी-लंबी दूरी तय करने और लगातार काम करने के कारण अपने स्वास्थ को लेकर कोताही बरतते हैं।

कई बार सड़क दुर्घटनाओं का कारण शारिरीक रुप से बिमार होने की बजह बनता है। इन्ही सभी बातों को ध्यान में रखते हुए निम्स हॉस्पिटल के सहयोग से राजमार्गो पर चिकित्सा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। इस शिविर में वाहन चालकों की सामान्य जांच कर उन्हे परामर्श और उपचार दिया जा सकेगा।

# विराज फाउंडेशन ने किया प्राचार्य कैलाश चंद्र बुनकर का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के द्वारा प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने राजकीय लक्ष्मीनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चीथवाडी के प्राचार्य कैलाश चंद्र बुनकर का शिक्षा एवं सामाजिक सरोकार में उत्कृष्ट कार्य करने पर माल्यार्पण कर शाल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत ने बताया कि प्राचार्य कैलाश चंद्र बुनकर ने जब से महाविद्यालय का कार्यभार संभाला है तब से शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकार व विद्यालय भवन का भी काफी विकास करवाया है और संस्कृत शिक्षा मे कई आयाम स्थापित किए। यहां से निकले हुए विद्यार्थी देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी संस्कृत शिक्षा को गौरवान्वित कर रहे हैं । इस दौरान पूर्व सरपंच शिल्पी जैन, प्रशासनिक अधिकारी गजानंद शर्मा, व्याख्याता शिवशरण नाथ त्रिपाठी, व्याख्याता शक्ति सिंह, व्याख्याता वरिंदर भट्टाचार्य, व्याख्याता सोनी जाट, व्याख्याता शिवानी, लिपिक मंजू रेगर, शिक्षक प्रकाश चंद्र शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के लिटरेरी सेशंस और जयपुर म्यूजिक स्टेज का एक ही वेन्यू पर होगा आयोजन

**जयपुर (नि.सं.)।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) का 15वां संस्करण गुलाबी शहर में एक अनोखे हाइब्रिड अवतार में लौट रहा है। इस बार फेस्टिवल आयोजन जयपुर के पहले 5 सितारा होटल, क्लार्क्स आमेर होने जा रहा है। यह फेस्टिवल 5 मार्च से 14 मार्च 2022 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यक्रमों का आयोजन ऑफ-लाइन और ऑनलाइन मोड में होगा। कई वर्षों के बाद यह लोकप्रिय फेस्टिवल एक ही वेन्यू पर लिटरेरी सेशंस के साथ-साथ जयपुर म्यूजिक स्टेज की भी मेजबानी करेगा। क्लार्क्स आमेर की वास्तुकला और सौंदर्यता के सम्मेलन ने वर्षों से जयपुर म्यूजिक स्टेज की प्रस्तुतियों को जीवंत करने का कार्य किया है।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा